[This question paper contains 4 printed pages.]

Sr. No. of Question Paper : 426 **D** **Your Roll No...............**

Unique Paper Code	: 205541
Name of the Course	: **B.A. (Prog.) Hindi**
Name of the Paper	: Hindi C : आधुनिक भारतीय भाषा : हिन्दी 'ग'
Semester	: V

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न के भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए।

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (10)

हम दिल्ली के रहने वाले जब छोटे शहरों या कस्बों में पहुंचते हैं, तो हमारे साथ कुछ इस तरह का बर्ताव किया जाता है जैसे पहले जमाने में तीर्थयात्रा या हज से लौटकर आए लोगों के साथ होता था। हमसे उम्मीद की जाती है कि हम हिन्दुस्तान के दिल दिल्ली की रग-रग जानते हैं। प्रधान मंत्री से न सही, तो मंत्रियों से तो मिलते होंगे। मंत्रियों से न सही, तो उनके चमचों से टकराते ही होंगे। हमसे उम्मीद की जाती है, हम अखबारों में छपी खबरों के पीछे छिपी असली खबरों को जानते होंगे। नई आनेवाली विपदाओं और परिवर्तनों की जानकारी हमें होगी। हमसे लोग वह सब सुनना चाहते हैं, जिसकी जानकारी हमें नहीं होती। लेकिन मुफ्त में मिले सम्मान से कौन मुंह मोड़ लेगा ? और वह भी अगर दो-चार उल्टी सीधी बातें बनाकर मिल सकता हो, तो फिर मैं विश्वनीय गप्पों का पिटारा खोल देता हूँ। लोगों को निराश करके हमें क्या मिलेगा ? कद्दू ? शाम होते-होते ये विश्वसनीय गप्पें पूरे कस्बे में फैल जाती हैं। रात तक दूसरे शहर और अगले दिन तक अतराफ में इस तरह फैलती हैं, जैसे वहीं की ज़मीन से निकली हों।

(क) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का क्या नाम है ?

(ख) उपर्युक्त अनुच्छेद का केन्द्रीय विचार लिखिए।

(ग) दिल्ली जैसे बड़े शहर में रहने वाले लोगों से छोटे शहरों या कस्बों के लोगों की क्या उम्मीदें होती हैं ?

(घ) दिए गए अनुच्छेद से उर्दू के **चार** शब्द खोज कर लिखिए।

2. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (10)

उस हाथ में रख दो
अपना हाथ
सेतु निर्मित होगा
मिटेगा प्रलय।

विपत्ति में
तुम अकेले नहीं हो,
असंख्य सोते कुलबुलाते हैं
चट्टानों में
मिलकर एक धारा बनने को,
इसे पहचानो
राह निकलेगी निश्चय।

(क) प्रस्तुत काव्यांश किस कविता से लिया गया है ? इसके कवि का नाम क्या है ?

(ख) उपर्युक्त कविता का मूल स्वर क्या है ?

(ग) कविता में 'तुम' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है ?

(घ) प्रथम **चार** पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।

3. प्रभाष जोशी द्वारा लिखित 'सिडनी के बाद सचिन' लेख का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए। (5)

अथवा

शशांक द्वारा लिखित कहानी 'घंटी' के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

4. (क) हिन्दी प्रदेश की किन्हीं **दो** बोलियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए। (5)

(ख) 'राजभाषा' का स्वरूप स्पष्ट कीजिए। (5)

(ग) मानक लिपि की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (5)

5. (क) निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किन्हीं **पाँच** का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाइए :

(i) सिर माथे रखना

(ii) सन्नाटे में आना

(iii) फूला न समाना

(iv) आसमान सिर पर उठाना

(v) जले पर नमक छिड़कना

(vi) अधजल गगरी छलकत जाए

(vii) चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात

(viii) अक्ल बड़ी कि भैंस (5)

(ख) अपने महाविद्यालय में संपन्न हुई साहित्यिक गतिविधियों पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए।

अथवा

प्रतिवेदन लेखन की मुख्य विशेषताएँ लिखिए। (5)

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **पाँच** को शुद्ध रूप में लिखिए :

(i) सह सर्वोत्तम रोग का उपचार है।

(ii) मुझे अनेकों पुरस्कार मिले।

(iii) राम और सीता जा रही थी।

(iv) उसका नाक कट गया।

(v) मेरे पर दया कीजिए।

(vi) उसने सातों दिनों तक काम किया।

(vii) आठ आदमी के लिए भोजन चाहिए।

(viii) हम खाना खाऊंगा। (5)

6. घर का पता बदलने हेतु बैंक प्रबंधक को पत्र लिखिए। (10)

अथवा

अपनी किसी क्षेत्रीय समस्या पर अखबार के संपादक को पत्र लिखिए।

7. किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए (शब्द संख्या 250 - 300) :

(i) मेरे सपनों का भारत

(ii) विज्ञापनों के लाभ और हानियाँ

(iii) आतंकवाद का कहर

(iv) ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण की समस्या (10)